दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 06 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. पूरा प्रदेश कडाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में। मौसम विभाग ने आज पटना, पूर्वी चंपारण, सीवान, मुजफ्फरपुर और वैशाली समेत इक्कीस जिलों में कोल्ड–डे और कुहासे का अलर्ट जारी किया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज वैशाली जिले में दो सौ अठहत्तर करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे।

03. सिखों के दसवें गुरू, गुरू गोविंद सिंह जी महाराज के तीन सौ अंठावनवें प्रकाश पर्व पर तख्त श्री हरमंदिर साहिब में मुख्य समारोह आज।

04. और, पटना के गांधी मैदान में धरना दे रहे जन सुराज पार्टी के संयोजक प्रशांत किशोर को पुलिस ने आज तड़के हिरासत में लिया।

————————————————————————

उत्तर भारत में शीतलहर का प्रकोप जारी रहने और सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन तक तापामन में गिरावट का सिलसिला जारी रहेगा। इसके प्रभाव से ठंड में और बढ़ोतरी की संभावना है। विभाग ने आज पटना, पूर्वी चंपारण, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर और वैशाली समेत इक्कीस जिलों में कोल्ड–डे और कुहासे का अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश जिलों में सुबह के समय घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———बाईट———

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में सबसे कम न्यूनतम तापमान छह दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

————————————————————————

इधर, अत्यधिक ठंड को देखते हुए पटना जिला प्रशासन ने आठवीं कक्षा तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में पठन–पाठन ग्यारह जनवरी तक बंद करने का आदेश जारी किया है। जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह की ओर से जारी आदेश में

कहा गया है कि आठवीं से ऊपर की कक्षाएं सुबह नौ बजे से दोपहर बाद साढ़े तीन बजे के बीच संचालित की जा सकती है। इधर, पूर्वी चंपारण, भागलपुर, खगड़िया, मुजफ्फरपुर, शेखपुरा जिला प्रशासन ने भी ग्यारह जनवरी तक एक से आठ तक की कक्षाओं में पठन–पाठन स्थगित कर दिया है। वहीं, समस्तीपुर जिला प्रशासन ने नौ जनवरी तक, जबकि शेखपुरा जिला प्रशासन ने आठ जनवरी तक आठवीं कक्षा तक के विद्यालयों में पठन–पाठन प्रतिबंधित कर दिया है। इस बीच, मुंगेर जिले में तेरह जनवरी तक विद्यालयों का संचालन सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर बाद साढ़े तीन बजे तक होंगे। प्री–स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र भी इस आदेश के तहत संचालित होंगे। इधर, बढ़ती ठंड को देखते हुए स्कूलों में मशाल दो हजार चौबीस खेल प्रतिभा खोज के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया गया है।

———————————————————————

वहीं, घने कोहरे के चलते सड़क, ट्रेन और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। देश के विभिन्न शहरों से पटना पहुंचने वाली रेलगाड़ियां नौ से सोलह घंटे विलंब से चल रही हैं। इन ट्रेनों में राजधानी एक्सप्रेस, संपूर्णक्रांति एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, विक्रमशिला एक्सप्रेस रेलगाड़ियां शामिल हैं। वहीं, कल पटना एयर पोर्ट पर लगभग बीस उड़ानों को रद्द कर दिया गया, जबकि दर्जनभर विमान देरी से परिचालित हुए। वहीं, दरभंगा हवाई अड्डे पर कम दृश्यता के कारण दस उड़ाने रद्द रहे। इधर, पटना जिला प्रशासन ने ठंड से बचाव के लिए बयासी जगहों पर अलाव की व्यवस्था की है। जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। अनेक जगहों पर रैन बसेरा और आश्रय आवास भी बनाए गए हैं। वहीं, आपदा प्रबंधन विभाग ने आम लोगों से ठंड से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने का आग्रह किया है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दूसरे चरण के तहत आज वैशाली जिले में दो सौ अठहत्तर करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न योजनाओं को उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस दौरान मुख्यमंत्री पटेढ़ी बेलसर के नगवां गांव और महनार में तीन सौ पचास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। श्री कुमार नगवां में तालाब सौंदर्यकरण का लोकार्पण और महनार में आईटीआई का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद, मुख्यमंत्री हाजीपुर में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

———————————————————————

सिखों के दसवें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के तीन सौ अंठावनवें प्रकाश पर्व के अवसर पर आज मुख्य समारोह पटना सिटी स्थित तख्त श्री हरमंदिर साहिब में मनाया जा रहा है। इसके लिए विशेष दीवान सजाया गया है। शबद–कीर्तन और गुरूवाणी से पूरा वातावरण गुंजायमान है। और ब्योरा हमारे संवाददाता से....

–––रिपोर्ट–––

————————————————————————

प्रकाश पर्व के मौके पर राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल श्री खान ने अपने संदेश में कहा है कि सिख पंथ के दसवें गुरू और खालसा पंथ के संस्थापक गुरू गोविंद सिंह जी महाराज एक महान शूरवीर, कवि, चिंतक और आध्यात्मिक नेता थे। उन्होंने धर्म, संस्कृति और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि श्री गुरू गोविंद सिंह जी महाराज का जीवन संघर्ष, त्याग और बलिदान की अनुपम गाथा है। उन्होंने कहा कि प्रकाश पर्व के अवसर पर देश–विदेश से भाग लेने आए सभी श्रद्धालुओं का हम स्वागत करते हैं और सफल आयोजन की मंगल कामना करते हैं।

————————————————————————

आकाशवाणी पटना की ओर से प्रकाश पर्व पर आज सुबह नौ बजकर बीस मिनट से ग्यारह बजकर बीस मिनट तक तख्त श्री हरमंदिर साहिब से शबद कीर्तन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस प्रसारण को राष्ट्रीय हुकअप पर भी प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा प्रकाश पर्व समारोह पर आधारित एक विशेष रेडियो रिपोर्ट का प्रसारण आकाशवाणी पटना द्वारा रात्रि आठ बजे से किया जाएगा।

————————————————————————

बीपीएससी अभ्यर्थियों के लिए पुनर्परीक्षा की मांग को लेकर पटना के गांधी मैदान में धरना दे रहे जन सुराज पार्टी के संयोजक प्रशांत किशोर को पुलिस ने आज तड़के हिरासत में ले लिया है। बिना इजाजत के गांधी मैदान में धरना देने और अनेक चेतावनियों के बाद भी धरना स्थल नहीं छोड़ने के मामले में यह कार्रवाई की गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि श्री किशोर को एम्बुलेंस में बैठाकर पटना एम्स ले जाया

गया। जहां उनकी स्वास्थ्य जांच कर अनशन तुड़वाने का प्रयास किया गया। इस बीच, उन्हें कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्यवायी की जा रही है।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी की ओर से आयोजित प्रारंभिक परीक्षा रद्द करने को लेकर एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दर्ज कराई गयी है। एक स्वयंसेवी संस्था की ओर से दायर याचिका में तेरह दिसम्बर को आयोजित परीक्षा में बड़े पैमाने पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए इसे रद्द करने की मांग की गयी है। याचिका में इस मामले की जांच स्‍र्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में कराने की भी मांग की गयी है।

———————————————————————

महिला एवं बाल विकास निगम के निदेशक राजीव रंजन ने कहा है कि कामकाजी महिलाओं को रहने के लिए सखी निवास का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सखी निवास में कामकाजी महिलाओं को बच्चों को रखने की भी सुविधा मिलेगी। साथ ही डे–केयर भी रहेगा और इसकी नियमित निगरानी की जाएगी। श्री रंजन ने कहा कि महिलाओं को बारह साल तक के लड़के और अठारह साल तक की लड़की को साथ रखने की अनुमति होगी। उन्होंने कहा कि इसमें वंचित वर्ग और शारीरिक विकलांगता वाली महिलाओं को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

———————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने पटना स्थित बेऊर आदर्श कारा के अधीक्षक विधु कुमार और उनके सहयोगियों के आठ ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान अंठावन लाख रूपये के गहनें के साथ तेरह महंगी गाड़ियां, दर्जनों बैंक खाते और सेल कंपनियों के कागजात जब्त किये गये हैं। ईओयू ने कक्षपाल के कमरे से चार रजिस्टर और दो हजार तेईस की वसूली की डायरी भी बरामद की है। छापेमारी के दौरान यह भी खुलासा हुआ कि जेल अधीक्षक बंदियों का शोषण और मानसिक उत्पीड़न कर पैसे की उगाही करते थे।

———————————————————————

राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने एक सौ से अधिक पैक्स अध्यक्षों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सहकारिता विभाग को पत्र लिखा है। इनके खिलाफ पैक्स मतदाता सूची में गड़बड़ी करने का आरोप है। प्राधिकार के सचिव पुरूषोत्तम पासवान ने कहा है कि ऐसे पैक्स अध्यक्षों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। साथ ही उनके चुनाव लड़ने पर भी रोक लगाई जाएगी। प्राधिकार ने कहा कि पैक्स की मतदाता सूची सत्यापित करने वाले अधिकारियों की भूमिका की जांच भी होगी। गौरतलब है कि मतदाता सूची में शिकायत के बाद सौ से अधिक पैक्सों का चुनाव स्थगित कर दिया गया था।

———————————————————————

बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित होने वाली मध्यमा सैद्धांतिक परीक्षा सत्ताईस से तीस जनवरी के बीच ली जाएगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली सुबह पौने दस बजे और दूसरी पाली दोपहर पौने दो बजे से शुरू होगी। प्रायोगिक परीक्षा तीन और चार फरवरी को विद्यालय में ही आयोजित की जाएगी। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन तेरह फरवरी से शुरू होगा।

———————————————————————

बिहार लोक प्रशासन और ग्रामीण विकास संस्थान– बिपार्ड कल कर्मयोगी मिशन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित करेगा। यह कार्यशाला क्षमता निर्माण आयोग–सीबीसी के सहयोग से आयोजित की जा रही है। इसमें देश और राज्य के प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थानों के सौ से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे।

———————————————————————

भुवनेश्वर में खेले जा रहे विजय मर्चेंट ट्रॉफी अंडर–सोलह पुरूष प्लेट–ग्रुप के फाइनल मुकाबले में बिहार त्रिपुरा के खिलाफ मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक बिहार ने तीन सौ तैंतीस रन की बढ़त बना ली है। जवाब में त्रिपुरा ने चार विकेट के नुकसान पर पचहत्तर रन बनाए हैं।

इधर, विजय हजारे टूर्नामेंट से बिहार की टीम बाहर हो गयी है। हैदराबाद में खेले गए मुकाबले में कल केरल ने बिहार को एक सौ तैंतीस रन से पराजित कर दिया। इस टूर्नामेंट में बिहार को कुल छह मैचों में से मात्र एक में जीत मिली।

मधुबनी में आयोजित शंभू शरण सिंह स्मृति टी–ट्वेंटी क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत दरभंगा ने मुजफ्फरपुर को पांच विकेट से पराजित कर दिया।

———————————————————————————————

कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र के एनएच–इकतीस पर पुलिस ने एक डाक पार्सल वाहन से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। मौके से तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष गुड्डु कुमार ने बताया कि यह वाहन पश्चिम बंगाल के आसनसोल से शराब लेकर पूर्णियां की ओर जा रहा था।

———————————————————————————————

मधुबनी जिले में उत्पाद विभाग की टीम ने बीस स्थानों पर छापेमारी कर दो तस्करों के साथ आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से चार सौ पंचानवे लीटर अर्धनिर्मित देशी शराब भी बरामद की गयी है।

———————————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है – बिहार में विकास से कोई भी इलाका अछूता नहीं।

**दैनिक जागरण** ने मौसम की खबर को सुर्खी बनाते हुए लिखा है – दो दिन रहेगी कड़ाके की ठंड, रहें सावधान।

**दैनिक भास्कर** लिखता है – गंगा में प्रदूषण रोकने को अब सीएनजी वाले बोट और क्रूज चलेंगे। आपूर्ति के लिए तैयार हुआ स्टेशन।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को मिला प्रथम नमो भारत संपर्क। जनकपुरी–कृष्णा पार्क मेट्रो भी।

**राष्ट्रीय सहारा** ने शिक्षा से जुड़ी खबर को तरजीह दी है – विश्वविद्यालयों को यूजीसी से लाभ अब एनईपी के आधार पर।

**आज अखबार** लिखता है – प्रकाश पर्व पर सतनाम श्री वाहे गुरू से गुंजा पटना साहिब।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. पूरा प्रदेश कडाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में। मौसम विभाग ने आज पटना, पूर्वी चंपारण, सीवान, मुजफ्फरपुर और वैशाली समेत इक्कीस जिलों में कोल्ड–डे और कुहासे का अलर्ट जारी किया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज वैशाली जिले में दो सौ अठहत्तर करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे।

03. सिखों के दसवें गुरू, गुरू गोविंद सिंह जी महाराज के तीन सौ अंठावनवें प्रकाश पर्व पर तख्त श्री हरमंदिर साहिब में मुख्य समारोह आज।

04. और, पटना के गांधी मैदान में धरना दे रहे जन सुराज पार्टी के संयोजक प्रशांत किशोर को पुलिस ने आज तड़के हिरासत में लिया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।